om 24 final Delhi_Page 1 and 2 18/03/2015 10:54 Page 12



# राजयोग ध्यान से जीवन स्वस्थ होगा: ब्र.कु. शिवानी





**आबू रोड।** 'शिवरात्रि महोत्सव मेले' का उद्घाटन करते हुए दादी रतनमोहिनी, गौपालन एवं देव स्थान राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ब्र.कु. भूपाल ब्र.कु. गीता, ब्र.कु. मृत्युंजय, ब्र.कु. भरत, ब्र.कु. भानू, ब्र.कु. सुधीर, ब्र.कु. अमरदीप तथा अन्य गणमान्य जन। मेले के दौरान आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. शिवानी तथा ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभा में उपस्थित गणमान्य जन।

**आबू रोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आबूरोड के कृषि उपज मंडी में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव मेले के दौरान मन के उलझनों को सुलझाने, गुस्से को नियंत्रित करने तथा स्व-प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय स्व तथा तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ ब्र.कु. शिवानी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से घर की प्रतिदिन सफाई न हो तो घर में कचरे का ढ़ेर लग जाता है, ऐसे ही मन की भी ज्ञान एवं सकारात्मक विचारों से सफाई करने की आवश्यकता है। साथ ही ब्र.कु. शिवानी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार से हम शरीर को स्वस्थ रखने तथा रोगों से बचने के लिए परहेज करते हैं, वैसे ही मन को भी स्वस्थ एवं मज़बूत बनाने के लिए स्वस्थ विचारों की खुराक देनी चाहिए। इसके लिए राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान को भी जीवन में शामिल करें। कार्यक्रम में आगा खां विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक, दक्षिण अफ्रीका के निज़ार जुमा, सिरोही की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निर्मला विश्नोई, चार्टर्ड इंस्टीट्यूट के चेयरमैन किशोर गांधी, समाजसेवी संजय मिश्रा, संस्थान के सूचना निदेशक ब्र.कु. करुणा, कार्यक्रम सचिव ब्र.कु. भरत समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**बर्फानी बाबा के दर्शन को उमड़े लोग:**

कृषि उपज मंडी में सजे बर्फानी बाबा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग कतारबद्ध होकर अपनी अपनी बारी का इंतज़ार करते रहे। आध्यात्मिक मेले का समापन देश के कई हिस्सों से आए सांस्कृतिक कलाकारों की ओर से हुआ। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट लोग भी मौजूद रहे।

**राजयोग के ज्ञान ने हमें बदल दिया: आबेरॉय**

कार्यक्रम में भाग लेने आए फिल्म अभिनेता सुरेश ओबेरॉय ने कहा कि मैं कभी सोचता ही नहीं था कि मैं अपने जीवन तथा क्रोध पर काबू कर पाऊंगा, लेकिन संस्था का सानिध्य और राजयोग के ज्ञान ने मुझे बदल कर रख दिया। जब आपका मन अंदर से मज़बूत होगा तब आप आंतरिक एवं बाहरी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। परिस्थिति तभी हावी होती है जब हमारी स्वस्थिति कमज़ोर होती है।

# वर्तमान समय मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है : अब्बास रिज़वी



**कोलकाता।** 'परमात्म शक्ति द्वारा महापरिवर्तन का समय' कार्यक्रम में शिव ध्वज लहराते हुए मौलाना अथर अब्बास रिज़वी,वाइस प्रेसीडेंट,ऑल फेथ फोरम, मौलाना अब्बास अली ज़ैदी, प्रिन्सीपल,आई.एम.ए.एम अलि एकेडमी, एच.पी. बुधिया,प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवक, धर्मरत्न थेरो,भिक्षु इंचार्ज,महाबोधी सोसायटी तथा ब्र.कु. कानन।

**कोलकाता।** परमात्म शक्ति द्वारा महा-परिवर्तन का समय विषय पर आयोजित कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों एवं बुद्धिजीवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। मौलाना अख्तर अब्बास रिज़वी, ऑल फेथ फोरम के उपाध्यक्ष ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व में शांति एवं सद्भावना का संदेश दिये जाने की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भगवान एक है परंतु उनको सभी अलग-अलग नामों से याद करते हैं। आज के समय में यह महसूस होता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है तथा प्रेम, प्रसन्नता, शांति आदि दिव्य गुण हमें मानव बनाते हैं।प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी एच.पी.बुद्धिया ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ का ज्ञान आत्मा को पवित्र एवं दिव्य बनाने में मदद करता है। बहनों के चेहरे से सकारात्मक एवं पवित्र किरणें महसूस की जा सकती हैं। धर्मरत्न थेरो,भिक्षु इंचार्ज,महाबोधी सोसायटी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्था बच्चों में आध्यात्मिक शक्ति जागृत करके उनके आंतरिक गुणों का विकास करने की तथा अपने जीवन के सही लक्ष्य को पहचानने की प्रेरणा देती है। मौलाना अब्बास अली ज़ैदी, प्रिंसीपल, इमाम अली अकादमी ने कहा कि धर्म में विचारधाराओं का अंतर हो सकता है परंतु उसका सार एक ही है- आवश्यकता है दूसरों के समस्याओं को समझने की, उनसे प्रेम एवं सहानुभूति रखने की।फॉरमर बिशप पी.एस.पी.राजू ने कहा कि आज आंतरिक परिवर्तन की आवश्यकता है। हमें एक दूसरे को भाई और बहन की दृष्टि से देखना चाहिए तथा सभी के अधिकारों एवं उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर ब्र.कु. कानन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पवित्र एवं शुभ भावनाओं के साथ ईश्वर तक पहुँच सकता है। जब कोई परमात्मा से जुड़ जाता है तो वह सच्ची शांति, सुख एवं आनंद का अनुभव कर सकता है। यह वही समय है जब परमात्मा स्वयं धरा पर अवतरित हो चुके हैं और हमें आध्यात्मिक शक्ति प्रदान कर रहे हैं।

# 'द फ्यूचर ऑफ पावर'भारत

**बड़ौदा-गुजरात।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम एस.एस. जी. हॉस्पिटल में 'द फ्यूचर ऑफ पावर' विषयक इंटरनेशनल कार्यक्रम में भाग लेने पहुँचे बड़ौदा के 700 बुद्धिजीवि। इस कार्यक्रम में बड़ौदा, ऑस्ट्रेलिया, केनया, रोमानिया तथा यू.के. के स्पीकर्स ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान ब्र.कु. डॉ निरंजना ने बताया कि आज पावर का अर्थ मनी पावर, मसल्स पावर, लश्कर और अणुशक्ति के पावर से लेते हैं। नैतिक मूल्य और सद्गुण ही सच्चे पावर हैं, सकारात्मक चिंतन, सुसंवादित संबंध और सौजन्यपूर्ण व्यवहार ही सच्चे पावर हैं। भारत फिर से आध्यात्मिक शक्ति के आधार से सिरमोर बन रहा है जिसके लिए हमें ही तैयार होगा पड़ेगा। प्रसिद्ध उद्योगपति व 'द फ्यूचर ऑफ पावर' के पायोनीयर निज़ार जुमा ने कहा कि भारत में जो भी बड़े-बड़े लीडर हैं यदि वे भारत की प्राचीन संस्कृति और ज्ञान का उपयोग करें तो आने वाले दिनों में भारत महासत्ता बने। 21वीं सदी भारत की होगी।

इसके साथ-साथ एक डायलॉग का भी आयोजन किया गया, जिसमें धारासभ्य जीतुभाई सुखाडिया, राजेन्द्र त्रिवेदी, कलेक्टर डॉ विनोद राव, वुडा के पूर्व चेयरमैन एन.वी. पटेल, पूर्व सांसद जयाबेन ठक्कर, ऑस्ट्रेलिया से आए स्टीफन बर्कले, रोमानिया के गोगा इयोना, फ्रान्स की एन्ने वेल्थम, डॉ. सी.एस. बुच तथा एज्युकेशनीष्ट, इनकमटैक्स कमिश्नर, ज्वैलर्स आदि महानुभावों ने भाग लिया।



**बड़ौदा।** 'द फ्यूचर ऑफ पावर' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध उद्योगपति निज़ार जुमा, ब्र.कु. डॉ. निरंजना, एंथनी फीलिप्स तथा अन्य गणमान्य जन।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510
सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 4th Mar- 2015
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।